## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 11.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से भारत ऊर्जा सप्ताह के उदघाटन समारोह को किया संबोधित, कहा– देश की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी।

2. सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की 2010 की भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का फैसला रखा बरकरार, नया विज्ञापन जारी करने का दिया आदेश।

3. रांची मिलिट्री स्टेशन में पूर्वी कमान आज करेगा शौर्य संध्या का आयोजन, कल अलंकरण समारोह में, 42 वीर सैनिकों को किया जायेगा सम्मानित।

4. राष्ट्र आज अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है राष्ट्र , झारखंड में भी भाजपा नेताओं ने किया नमन।

और

5. देवघर के बैद्यनाथ धाम में शिवरात्रि पर इस वर्ष पर्यटन विभाग निकालेगा शिव बारात, दो समितियों के बीच चल रहे विवाद को लेकर राज्य सरकार ने लिया फैसला।

**************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 के उद्घाटन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भारत तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश है। श्री मोदी ने कहा कि गैर–जीवाष्म ईंधन ऊर्जा क्षमता तीन गुना हो गई है।

**************************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार द्वारा आयोजित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की 2010 की भर्ती प्रक्रिया को अवैध और असंवैधानिक घोषित कर दिया है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया निरस्त हो गयी है। अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को छह महीने में उक्त पदों के लिए नया विज्ञापन जारी करने और नये सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए यह आदेश दिया कि उम्मीदवारों को उनकी बात सुनने का अवसर दिये बिना बर्खास्त करने का फैसला सही है।

**************************

खूंटी जिले के अड़की प्रखंड स्थित खेसारीबेरा गांव के सूरज मुंडा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने का गौरव मिला है। इससे वह बेहद खुश है। एक रिपोर्ट

**************************

रांची मिलिट्री स्टेशन में कल पूर्वी कमान का अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान देश के वीर सैनिकों, विशिष्ट सैनिकों और उत्कृष्ट सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। इससे पहले आज शौर्य संध्या का आयोजन किया जायेगा। वीरता के लिए सेना पदक पाने वाले मेजर मानिक सिंह ने कहा कि एक सैनिक के लिए कर्तव्य, ईमानदारी, साहस और बलिदान प्राथमिकता होती है।

**************************

बेंगलुरु में एयरफोर्स का एयर शो होने की वजह से 13 और 14 फरवरी को इंडिगो की बेंगलुरु से देवघर की फ्लाइट रद्द रहेगी। इंडिगो ने इससे संबंधित सूचना अपने ग्राहकों को भी उपलब्ध करा दी है। बताया जाता है कि एयर शो के दौरान छह घंटे तक कॉमर्शियल हवाई सेवा को रद्द करने का प्रावधान है।

******************************

सिमडेगा जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

******************************

दुमका में संताली समाज के बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संताली भाषा, लिपि और संस्कृति की रक्षा को लेकर दिसोम मरांग बुरु संताली आरीचली आर लेगचर अखड़ा के बैनर तले हिजला गांव में बैठक की। बैठक में झारखंड सरकार से राज्य में संताली भाषा और ओलचिकी लिपि में पढ़ाई अनिवार्य करने की मांग की गयी।

******************************

देवघर के बैद्यनाथ धाम में इस बार महाशिवरात्रि के अवसर पर झारखंड का पर्यटन विभाग भव्य शिव बारात निकालने की तैयारी में जुट गया है। दो समितियों के बीच जारी विवाद के बीच शिव बारात की भव्यता, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने ऐसा निर्णय लिया है। उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि शिव बारात को भव्य बनाने के लिए विभिन्न एनजीओ, समाजसेवी संस्थाओं सहित अन्य संगठनों का सहयोग लिया जायेगा।

******************************

राष्ट्र आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने जीवन का हर पल मां भारती के गौरव को पुनर्स्थापित करने में लगाया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने भी आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इधर, झारखंड में भी पार्टी मुख्यालय में अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

************समाप्त******************